# कार्यालय कलेक्टर/अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिला–सूरजपुर (छ0ग0)

E-Mail - cg.deo.surajpur@gmail.com

क्रमांक/4952/SAGES/अंग्रेजी माध्यम/प्रतिनियुक्ति/संविदा/शि.भ./2022 सूरजपुर, दिनाँक 07/10/2022

## प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर का अर्द्धशासकीय पत्र क्रमांक/आर. 627/दिनांक 13.06.2020 व संचालक एस.सी.ई.आर.टी. छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र क्रमांक/अंग्रेजी माध्यम/2019–20/741/दिनांक 03.03.2020 एवं आदेश क्रमांक/एफ/23–08/2020/20–03/31/दिनांक 03.07.2020 में दिये गये निर्देशानुसार तथा आदेश क्रमांक/एफ/23–8/2020/20–3/38/अटल नगर/नवा रायपुर अटल नगर/दिनांक 30.06.2021 के अनुसार जिले में संचालित अंग्रेजी माध्यम के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयो में शिक्षण सत्र 2021–22 के लिए संविदा/ प्रतिनियुक्ति हेतु (विज्ञापन क्र./987/सेजेस/अंग्रेजी माध्यम/प्रतिनियुक्ति/संविदा/शि.भ./2021–22 दिनांक 23.05.2022) के तहत वाक–इन–इन्टरव्यू दिनांक 03.06.2022 को एवं प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन क्रमांक 3617/सेजेस/अं.मा./प्रतिनियुक्ति/संविदा/शि.भ./2022 सूरजपुर, दिनांक 20.07.2022 के तहत 02.09.2022 एवं 03.09.2022 को इन्टरव्यू आयोजित कर पात्र अभ्यर्थियों का चयन/पदस्थापना आदेश जारी किया गया, तदोपरांत शेष रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र भरकर वाक–इन–इन्टरव्यू, के लिए जिला पंचायत कार्यालय – सूरजपुर में समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। विवरण निम्नानुसार है :–

### //विज्ञापित रिक्त पदों का विवरण//

| क्र. | पदनाम | विषयवार रिक्त पदों की संख्या | | | संविदा नियुक्ति की स्थिति में मानदेय | नियुक्ति का प्रकार | संविदा/ प्रतिनियुक्ति की स्थिति में देय वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | विषय | पद संख्या | संवर्ग | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | व्याख्याता (अंग्रेजी माध्यम) | हिन्दी | 1 | अ.ज.जा (मुक्त) | 38100/– | प्रतिनियुक्ति/ संविदा | प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के नियम के अधीन |
| | | अंग्रेजी | 1 | अनारक्षित | 38100/– | प्रतिनियुक्ति/ संविदा | प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के नियम के अधीन |
| | | भौतिक शास्त्र | 3 | अनारक्षित | 38100/– | प्रतिनियुक्ति/ संविदा | प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के नियम के अधीन |
| | | गणित | 2 | अनारक्षित | 38100/– | प्रतिनियुक्ति/ संविदा | प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के नियम के अधीन |
| | | वाणिज्य | 3 | अ.ज.जा (मुक्त) | 38100/– | प्रतिनियुक्ति/ संविदा | प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के नियम के अधीन |
| | | जीव विज्ञान | 1 | अनारक्षित | 38100/– | प्रतिनियुक्ति/ संविदा | प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के नियम के अधीन |
| | | रसायन | 3 | अनारक्षित | 38100/– | प्रतिनियुक्ति/ संविदा | प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के नियम के अधीन |
| | | सामाजिक विज्ञान | 4 | अनारक्षित | 38100/– | प्रतिनियुक्ति/ संविदा | प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के नियम के अधीन |
| 2 | प्रधान पाठक | मा.शा. | 1 | अनारक्षित | 35400/– | प्रतिनियुक्ति/ संविदा | प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के नियम के अधीन |
| 3 | शिक्षक (अंग्रेजी | अंग्रेजी | 2 | अनारक्षित | 35400/– | प्रतिनियुक्ति/ संविदा | प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के नियम के अधीन |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | माध्यम) | विज्ञान | 2 | अनारक्षित | 35400/– | प्रतिनियुक्ति/संविदा | प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के नियम के अधीन |
| | | गणित | 1 | अनारक्षित | 35400/– | प्रतिनियुक्ति/संविदा | प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के नियम के अधीन |
| | | सामाजिक विज्ञान | 3 | अनारक्षित | 35400/– | प्रतिनियुक्ति/संविदा | प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के नियम के अधीन |
| | | कम्प्यूटर | 1 | अनारक्षित | 35400/– | प्रतिनियुक्ति/संविदा | प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के नियम के अधीन |
| 4 | प्रधान पाठक | प्रा.शा. | 1 | अनारक्षित | 25300/– | प्रतिनियुक्ति/संविदा | प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के नियम के अधीन |
| 5 | सहा0शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | गणित | 2 | अनारक्षित | 25300/– | प्रतिनियुक्ति/संविदा | प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के नियम के अधीन |
| | | सामाजिक विज्ञान | 1 | अनारक्षित | 25300/– | प्रतिनियुक्ति/संविदा | प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के नियम के अधीन |
| | | प्रयोग शाला सहायक | 4 | 2–अ.ज.जा<br>2–अनारक्षित | 25300/– | प्रतिनियुक्ति/संविदा | प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के नियम के अधीन |
| **कुल पद संख्या :–** | | | **36** | | | | |

**आवश्यक निर्देश :–** **1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य है।**
**2. अभ्यर्थी कक्षा 10वीं के बाद सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण किया हो। (केवल हिन्दी विषय को छोड़कर सभी विषयो में लागु होगा)**

| क्र. | पद | विषय | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | हिन्दी | किसी मान्यता प्राप्त वि.वि. से हिन्दी साहित्य विषय से स्नात्कोत्तर की उपाधि न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण एवं बी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य |
| 2 | व्याख्याता | अंग्रेजी | किसी मान्यता प्राप्त वि.वि. से अंग्रेजी साहित्य से स्नातकोत्तर की उपाधि न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण एवं बी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य। |
| 3 | व्याख्याता | भौतिकी | किसी मान्यता प्राप्त वि.वि. से भौतिकी/इलेक्ट्रॉनिक भौतिकी/एप्लाईड भौतिकी विषय से स्नात्कोत्तर की उपाधि अंग्रेजी माध्यम में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण एवं बी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य |
| 4 | व्याख्याता | गणित (अंग्रेजी माध्यम) | किसी मान्यता प्राप्त वि.वि. से गणित/एप्लाईड गणित विषय से स्नात्कोत्तर की उपाधि अंग्रेजी माध्यम में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण एवं बी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य। |
| 5 | व्याख्याता | वाणिज्य | किसी मान्यता प्राप्त वि.वि. से वाणिज्य संकाय से स्नातकोत्तर की उपाधि अंग्रेजी माध्यम (एकाउंटेसी सहित वाणिज्य/कास्ट एकांउटिंग/फाईनेंसीयल एकाउंटेंसी मुख्य विषय के रूप में रहा हो) में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण एवं बी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य। |
| 6 | व्याख्याता | जीव विज्ञान | किसी मान्यता प्राप्त वि.वि. से वनस्पती शास्त्र/प्राणीशास्त्र/माईक्रोबाईलोजी/जैव प्रोद्योगिकी (बायो टेक्नोलॉजी/आणवीक जीव विज्ञान( मालिकुलर बायोलॉजी) /पादप कार्यिकी (प्लांट फिजीयोलॉजी तथा स्नातक स्तर पर प्राणीशास्त्र अथवा वनस्पती शास्त्र विषय रहा हो, में स्नातकोतर /समकक्ष न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण एवं बी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य |
| 7 | व्याख्याता | रसायन | किसी मान्यता प्राप्त वि.वि. से रसायन/बायोकेम्स्ट्री विषय से स्नात्कोत्तर की उपाधि अंग्रेजी माध्यम में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण एवं बी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य |
| 8 | व्याख्याता | सामाजिक विज्ञान | किसी मान्यता प्राप्त वि.वि. से इतिहास/भूगोल/अर्थशास्त्र अथवा राजनिति विज्ञान में स्नात्कोत्तर की उपाधि अंग्रेजी माध्यम में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण एवं बी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य |
| 9 | प्रधान पाठक | मा0शा0 | किसी मान्यता प्राप्त वि.वि. से किसी भी विषय में अंग्रेजी माध्यम से स्नात्कोत्तर की उपाधि न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण एवं बी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य तथा छ0ग0 राज्य के किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से 05 वर्ष का अध्यापन अनुभव अनिवार्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | शिक्षक | अंग्रेजी | किसी मान्यता प्राप्त वि.वि. से अंग्रेजी साहित्य विषय से स्नातक की उपाधि अंग्रेजी माध्यम में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण एवं बी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य |
| 11 | शिक्षक | विज्ञान | किसी मान्यता प्राप्त वि.वि. से विज्ञान समूह (जीव विज्ञान/रसायन/वनस्पति शास्त्र /सैन्य विज्ञान एवं भू-गर्भ विज्ञान में से कोई दो विषय स्नातक स्तर पर हो) में स्नातक की उपाधि अंग्रेजी माध्यम में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण एवं बी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य |
| 12 | शिक्षक | गणित | किसी मान्यता प्राप्त वि.वि. से गणित विषय साथ निम्न मे से कोई दो विषय – (भौतिक /रसायन/इलेक्ट्रोनिक्स /कम्प्यूटर साईस/साख्यिकी, सैन्य विज्ञान /भू-गर्भ विज्ञान स्नातक स्तर पर हो ) में स्नातक की उपाधि अंग्रेजी माध्यम में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण एवं बी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य |
| 13 | शिक्षक | सामा0विज्ञान | किसी मान्यता प्राप्त वि.वि. से (इतिहास,भूगोल,अर्थशास्त्र अथवा राजनिति विज्ञान में से एक विषय अनिवार्य होगा ) से स्नातक की उपाधि अंग्रेजी माध्यम में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण एवं बी.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य |
| 14 | शिक्षक | कम्प्यूटर | किसी मान्यता प्राप्त वि.वि. से बी.ई./बी.टेक. बी.सी.ए.(कम्प्यूटर साईस/सूचना प्रोद्योगिकी ) या बी.टेक( किसी भी ब्रांच से) में कम से कम 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण और कम्प्यूटर में स्नातक डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त वि0वि0 से एम.एस.सी (कम्प्यूटर साईस /कम्प्यूटर अप्लीकेशन ) में स्नात्कोतर डिग्री की उपाधि अंग्रेजी माध्यम से न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण । |
| 15 | प्रधान पाठक | प्रा0शा0 | किसी मान्यता प्राप्त वि0वि0 से स्नातक की उपाधि अग्रेजी माध्यम से न्यून्तम द्वितीय श्रेणी के साथ बी.एड की उपाधि एवं किसी मान्यता प्राप्त संस्था से 05 वर्ष का अनुभव अनिवार्य |
| 16 | सहायक शिक्षक | गणित | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से गणित विषय सहित हायर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा अंग्रेजी माध्यम से द्वितीय श्रेणी एवं डी.एड./डी.एल.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य |
| 17 | सहायक शिक्षक | सामा0विज्ञान | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से हायर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा अंग्रेजी माध्यम से द्वितीय श्रेणी में कला /वाणिज्य संकाय से उत्तीर्ण तथा डी.एड./डी.एल.एड. प्रशिक्षण अनिवार्य |
| 18 | प्रयोगशाला सहायक | – | हायर सेकेण्डरी में गणित/जीवविज्ञान के साथ उत्तीर्ण न्यूनतम द्वितीय श्रेणी अंग्रेजी माध्यम से। |

## –:वाक–इन–इन्टरव्यू हेतु समय–सारणी:–

| क्र0 | पद का नाम | विषय | वाक इन इन्टरव्यू का दिनांक,समय व स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | रसायन, जीव विज्ञान,भौतिक, गणित | **13/10/2022 (गुरूवार)** स्थान:– जिला पंचायत सूरजपुर |
| | शिक्षक | , गणित, विज्ञान | |
| | सहायक शिक्षक | गणित | |
| 2 | व्याख्याता | सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य | |
| | शिक्षक | सामाजिक विज्ञान | |
| | सहायक शिक्षक | सामाजिक विज्ञान | |
| 3 | व्याख्याता | हिन्दी, | **14/10/2022 (शुक्रवार)** स्थान:– जिला पंचायत सूरजपुर |
| | प्रयोगशाला सहायक | – | |
| 4 | व्याख्याता | अंग्रेजी | |
| | शिक्षक | अंग्रेजी, कम्प्यूटर | |

**नियम एवं शर्ते :–**

1. **संविदा नियुक्ति पदों पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है, एवं बिना कारण बताए कभी भी समाप्त की जा सकती है।**
2. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी को प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष में 18 दिनों के आकस्मिक अवकाश एवं 03 दिनों के ऐच्छिक अवकाश की पात्रता होगी, वर्ष के मध्य में नियुक्ति होने अथवा सेवामुक्त होने पर आकस्मिक अवकाश की पात्रता की गणना पूर्ण महिनों के लिए अनुपातिक आधार पर किया जावेगा। गणना के अपूर्ण दिवस को आगामी पूर्ण दिवस में पूर्णाकित किया जावेगा।

3. भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति अथवा सीधी भर्ती किए जाने पर यह नियुक्ति स्वमेव समाप्त मानी जावेगी।
4. अन्य शिक्षकों की भांति इन संविदा शिक्षकों को भी अन्य आबंटित शालेय कार्य यथा मूल्याकंन, शालेय गतिविधियां आदि में भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। जिसके लिये अतिरिक्त मानदेय की पात्रता नही होगी।
5. सेवा समाप्ति के पश्चात कर्मचारी को किसी भी प्रकार की पेंशन भत्ता या अन्य राशि प्रदान नही की जावेगी।
6. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होने का सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। सहायक शिक्षक एवं प्रयोगशाला सहायक के पदो पर भर्ती हेतु सूरजपुर जिले के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
7. छ.ग. सिविल सेवा (संविदा भर्ती नियम) 2012 के अनुसार दिनांक 01.01.2022 की स्थिति में न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु 35 वर्ष होना चाहिए। अजा/अजजा/अपिव/निःशक्त आवेदकों को छ0ग0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी समय-समय पर आयु सीमा में छूट संबंधी आदेश, निर्देश लागू होगे।
8. आयु संबंधी प्रमाण पत्र के लिए हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी अथवा मैट्रिकुलेशन अंक सूची मान्य होगा।
9. आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्र एवं अंक सूची स्व प्रमाणित प्रति संलग्न होने चाहिए। वांछित प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित नही होने पर आवेदन अमान्य किया जा सकेगा। इसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।
10. आवेदन पत्र प्रारूप के अनुसार ए-4 साईज आकार के कागज पर आवेदन करें। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से साफ-साफ अक्षरों में भरा जाना चाहिए। आवेदन पत्र पर पासपोर्ट साईज का स्वयं सत्यापित रंगीन नवीनतम फोटो चिपकाना एवं स्वयं का पता लिखा दो लिफाफा (45 रू. डाक टिकट के साथ) संलग्न करना अनिवार्य है।
11. लिफाफे के उपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख किया जावे। अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जावेगा एवं आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा। जिसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।
12. शासकीय, अर्द्धशासकीय, स्वशासी संस्थाओं में नियमित पदो पर कार्यरत कर्मचारियों को अपने नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
13. चयन समिति द्वारा नियम एवं शर्तों में परिवर्तन किया जा सकता है।
14. चयन प्रक्रिया के संबंध में कलेक्टर महोदय का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
15. अभ्यर्थी को एक पद के लिए एक ही आवेदन करना होगा जो सभी विज्ञापित विद्यालयों हेतु मान्य होगा।
16. **प्रधान पाठक मा0शा एवं प्रा0शा0 के पदो पर नियुक्त अभ्यर्थियों को 15 दिवस के भीतर संबधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापित उपस्थिति पंजी की प्रमाणित प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**
17. **चयन प्रक्रिया :-**

**1. अभ्यर्थियों का चयन वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा। इस हेतु निम्नानुसार कार्यक्रम निर्धारित है-**

**दिनांक 13/10/2022 एवं 14/10/2022**
**पंजीयन- प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक**
**दस्तावेज सत्यापन- 11:00 बजे से 12:00 बजे तक**
**दावा आपत्ति निराकरण- 12:00 बजे से 12:30 बजे तक**
**साक्षात्कार - 12:30 बजे से**
**जिला कार्यालय को परिणाम उपलब्ध कराना -सायं 4:00 बजे से**

**विशेषः- निर्धारित समय-सीमा के पश्चात किसी भी आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।**

2. प्राप्त आवेदन पत्रों की सूक्ष्मता से जांच की जाकर साक्षात्कार हेतु निर्धारित वेटेज को छोड़कर शेष वांछित योग्यताओं के वेटेज को शामिल करते हुए मेरिट सूची बनाई जाएगी।
3. आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता अर्थात 10वी, 12वीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर में प्राप्त अकों के आधार पर निम्नानुसार वेटेज होगा। ( शैक्षणिक पदो हेतु डी.एड/डी.एल.एड./बी.एड. की उपाधि अनिवार्य होगी)

(a) व्याख्याता की नियुक्ति के लिए स्नातकोत्तर में प्राप्त अंको पर 50 प्रतिशत का वेटेज, स्नातक में प्राप्त अंको पर 20 प्रतिशत वेटेज एवं 12 वीं में प्राप्त अंको का 10 प्रतिशत वेटेज दिया जायेगा।

(b) शिक्षक की नियुक्ति के लिए स्नातक में प्राप्त अंको पर 50 प्रतिशत का वेटेज 12वीं में प्राप्त अंकों पर 30 प्रतिशत वेटेज दिया जायेगा।

(c) सहायक शिक्षक की नियुक्ति के लिए 12 वीं में प्राप्त अंकों पर 50 प्रतिशत का वेटेज 10वीं में प्राप्त अकों पर 30 प्रतिशत का वेटेज दिया जायेगा।

(d) प्रयोगशाला सहायक की नियुक्ति के लिए 12वीं मे प्राप्त अंको का 70% वेटेज दिया जायेगा।

(e) उपरोक्त पदों पर साक्षात्कार हेतु 20 अंक एवं प्रयोगशाला सहायक के पद हेतु 30 अंक निर्धारित किया गया है।

4. निर्धारित वेटेज एवं साक्षात्कार के अंको को जोड़कर अंतिम मेरिट बनाई जाकर योग्य अभ्यर्थी की नियुक्ति का आदेश संबंधित अधिकारी द्वारा जारी किया जावेगा।
5. चयनित अभ्यर्थियों के साथ अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची, संविदा पदों पर कार्यभार ग्रहण करने वालो की संख्या कम होने एवं कार्यभार ग्रहण करने पश्चात् पद त्याग की स्थिति को ध्यान में रखते हुए रखा जायेगा।
6. विज्ञापित पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई या विलोपित की जा सकती है।
7. प्राप्त आवेदनों के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
8. नियुक्ति के पश्चात जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य परीक्षा में अयोग्य पाये जाने की स्थिति में नियुक्ति स्वतः निरस्त मानी जावेगी।
9. पदों की संख्या एवं स्थान में परिवर्तन संभव है।

**18. निरर्हताएँ:–**

1. अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए किन्हीं भी साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को नियुक्तिकर्ता द्वारा चयन के निरर्हित माना जा सकेगा।
2. कोई अभ्यर्थी किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा, जब तक कि उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षण में, जो कि विहित की जाए, मानसिक या शारीरिक रूप से स्वस्थ्य तथा किसी मानसिक या शारीरिक दोष जो कि सेवा या पद के कर्तव्य को पूरा करने में बाधा डाल सकता हो से मुक्त, घोषित न कर दिया जाये। परन्तु आपवादिक मामलों में अभ्यर्थी को उसकी स्वास्थ्य परीक्षा से पूर्व किसी सेवा या पद पर इस शर्त के अधीन नियुक्ति दी जा सकेगी कि यदि वह चिकित्सीय रूप से अस्वस्थ्य पाया जाता है, तो उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी।
3. कोई भी अभ्यर्थी, जिसे किसी अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, वह किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा। परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हो तो उसकी नियुक्ति मा मामला तब तक लंबित रखा जाएगा जब तक उस अपराधिक मामले का न्यायालय द्वारा अंतिम विनिश्चिय न कर दिया जाये।

**19. अभ्यर्थी की पात्रता के बारे में नियुक्तिकर्ता का विनिश्चय अंतिम होगा :–**

1. चयन के लिए अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अपात्रता के संबंध में नियुक्तिकर्ता समिति का विनिश्चय अंतिम होगा।
2. चयन प्रक्रिया के किसी समय पर अथवा नियुक्तिकर्ता समिति को चयन सूची भेजने के बाद भी, यदि नियुक्तिकर्ता समिति के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगती पायी गई है तो वह निरर्हित हो जायेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति नियुक्तिकर्ता समिति द्वारा समाप्त कर दी जायेगी।

**20. चयन सूची :–**

1. नियोक्ता द्वारा जारी चयन सूची, जारी दिनांक से 01 (एक) माह के लिए वैध होगी।
2. प्रतीक्षा सूची की वैद्यता चयन सूची जारी होने के दिनांक से 04 (चार) माह के लिए वैध होगी।
3. चयन के समय किसी पद पर समान अंक के अभ्यर्थी होने की स्थिति में जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले होगी उसका चयन किया जाएगा।
4. चयन के संबंध में नियोक्ता का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

**21. नियुक्ति अवधिः–**

1. छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के **नियम 11 नियुक्ति की अवधि** – 4(1) के अंतर्गत उल्लेखित संविदा नियुक्ति के पदों पर संविदा नियुक्ति प्रथम बार, तीन वर्ष की कालावधि के लिए की जावेगी तथापि राज्य सरकार, आवश्यकता के आधार पर तथा संविदा आधार पर नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन करने के पश्चात संविदा नियुक्ति की कालावधि को नियमानुसार बढ़ाते हुए संविदा नियुक्ति के नवीनीकरण का निर्णय ले सकेगी।

**22. अन्य निर्देश :–**

1. नियुक्त उम्मीदवारों को उनके पद के अनुसार शासन द्वारा समय–समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार वेतन एवं भत्ते देय होंगे।
2. संविदा नियुक्ति प्रति वर्ष विद्यालय की आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा पर नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा नवीनीकरण का निर्णय ले सकेगा।
3. संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा स्वमेव समाप्त मानी जाएगी तथा सेवा समाप्त करने के लिए पृथक से आदेश जारी करना आवश्यक नहीं होगा।
4. संविदा नियुक्ति की अवधि में दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
5. इस नियम के उप–नियम (2) के अंतर्गत उल्लेखित मामलों को छोड़कर संविदा सेवा में सिर्फ मासिक एकमुश्त राशि वेतन के रूप में देय होगी, इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, मंहगाई भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता इत्यादि नहीं दिया जायेगा तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतनवृद्धि की पात्रता नहीं होगी।
6. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी प्रत्येक केलेण्डर वर्ष में 18 दिनों के आकस्मिक अवकाश तथा 3 दिनों के ऐच्छिक अवकाश का हकदार होगा तथा वर्ष के मध्य में नियुक्त होने अथवा सेवोन्मुक्त होने पर आकस्मिक अवकाश की पात्रता की गणना महीनों के लिए अनुपातिक आधार पर की जायेगी।
7. संविदा नियुक्ति छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के प्रावधानों के अनुसार की जायेगी।
8. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी सूरजपुर जिले की वेबसाईट www.surajpur.nic.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

**जिला शिक्षा अधिकारी / सचिव**
**स्वामी आत्मानंद शास0उत्कृष्ट (अ0मा0) विद्यालय,**
**जिला–सूरजपुर (छ0ग0)**

पृ.क्रमांक / 4953 / स्था. / अंग्रेजी माध्यम / प्रतिनियुक्ति / संविदा / शि.भ. / 2022 सूरजपुर, दिनाँक 07/10/2022

**प्रतिलिपिः–**

1. प्रमुख सचिव, छ0ग0 शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर छ0ग0।
2. संचालक लोक शिक्षण संचालनालय इन्द्रावती भवन अटल नगर नवा रायपुर छ0ग0।
3. संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छ0ग0 शंकर नगर रायपुर।
4. आयुक्त सरगुजा संभाग अम्बिकापुर सरगुजा छत्तीसगढ़।
5. कलेक्टर महोदय जिला सूरजपुर को सूचनार्थ।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सूरजपुर को सूचनार्थ।
7. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सरगुजा संभाग अम्बिकापुर छततीसगढ़।
8. सहायक संचालक जिला जनसम्पर्क सूरजपुर को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ।
9. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी (एन.आई.सी.) जिला सूरजपुर को सूचनार्थ। उक्त विज्ञापन का विस्तृत विवरण सहित सूरजपुर जिले की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

**जिला शिक्षा अधिकारी / सचिव**
**स्वामी आत्मानंद शास0उत्कृष्ट (अ0मा0) विद्यालय,**
**जिला–सूरजपुर (छ0ग0)**

# कार्यालय कलेक्टर / अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय जिला सूरजपुर (छ0ग0)

## –::प्रतिनियुक्ति / संविदा भर्ती हेतु आवेदन पत्र ::–

आवेदित पद का नाम(विषय संहित):– ..........................................

हाल ही में खींचा हुआ रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो स्वंय से सत्यापित कर चस्पा करें।

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ..........................................
   (अंग्रेजी में) :– ..........................................
2. पिता / पति का नामः– ..........................................
3. माता का नाम :– ..........................................
4. लिंग :– पुरूष [ ] महिला – . [ ]
5. जन्म तिथि (अंको में)– ..................दिन..................माह..........................वर्ष..........................

   शब्दो में: ..........................................

   आयु दिनांक 01.01.2022 की स्थिति में:– .........दिन.............माह.............वर्ष.................
6. संवर्ग– अजा / अजजा / अन्य पि.वर्ग / सामान्य :– ..........................................
7. क्या छत्तीसगढ के मूल निवासी :– हॉ [ ] नही – [ ]
8. स्थायी पता :– ..........................................
9. पत्र व्यवहार का पता :– ..........................................

   ..........................................

मोबाईल नम्बर ..........................................ई–मेल आई0डी0 ..........................................

10 रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक / दिनांक..........................................

11 शैक्षणिक / व्यवसायिक योग्यता का विवरण,जो कि अनिवार्य अर्हता मे चाहा गया है:–

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक | प्राप्त अंक | प्रतिशत | अध्ययन का माध्यम हिन्दी / अंगेजी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दसवी | | | | | | | |
| 2 | बारहवीं | | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | | |
| 4 | स्नातकोतर | | | | | | | |
| 5 | व्यवसायीक प्रशिक्षण– बी.एड / डी.एड / डी.एल. एड / बीपीएड / बीलिब. | | | | | | | |
| 6 | अन्य | | | | | | | |

12.छत्तीसगढ शासन मे अर्द्धशासकीय संस्थान अथवा सार्वजनिक उपकम,निगम मंण्डल मे शैक्षणिक कार्य के अनुभव का विवरणः–

| क्र0 | नियोक्ता विभाग/संगठन का नाम | संस्था/प्रतिष्ठान जहां कार्य किया/कर रहे है | पदनाम | पद की प्रकृति अस्थायी/स्थायी/संविदा/प्रतिनियुक्ति/अन्य | मासिक वेतन रू0 में | कार्य ग्रहण अविध दिनांक सहित | कुल अनुभव (वर्ष/माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

13 नियोक्ता के संबध मे जानकारीः–

| नियोक्ता विभाग/संगठन का नाम | संस्था/प्रतिष्ठान का नाम जहां कार्य किया गया है/कर रहे है,का पूर्ण पता | दूरभाष क्रमांक/मोबाईल नं0 | ई–मेल | अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी का नाम एवं पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

टीपः–

1. आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव की जांच करायी जायेगी,जांच मे किसी भी प्रकार से गलत/भ्रामक जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में आवेदक का आवेदन पत्र पद हेतु अमान्य किया जाएगा तथा वैधानिक कार्यवाही की जावेगी,अतः असत्य जानकारी प्रस्तुत न करें।
2. आवेदक के पद की पूर्ती से संबधी आवश्यक जानकारी/पत्राचार/ई–मेल/एस.एम.एस. के माध्यम से दी जावेगी। अतः ध्यानपूर्वक ई–मेल एवं मोबाईल नंम्बर अंकित करें। दिये गये पते में व्यक्तिगत ई–मेल एवं मोबाईल नंम्बर अंकित करें।

14 संलग्न प्रमाण पत्रो का विवरण :–(स्व प्रमाणित)

1. ............................................................2.........................................................................

3.............................................................4.........................................................................
5.............................................................6.........................................................................
7.............................................................8.........................................................................
9.............................................................10.......................................................................

आवेदक के हस्ताक्षर

–::प्रमाण पत्र::–

मै प्रमाणित करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है एवं मै आवेदित पद हेतु निर्धारित अर्हता/योग्यता रखता/रखती हूं। मेरे द्वारा दी गई जानकारी किसी भी स्तर से असत्य पाये जाने की दशा मे मेरा आवेदन पत्र /नियुक्ति निरस्त की जा सकती है तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

दिनांकः– ........................

स्थान :– ..........................

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम.........................................................

पिता/पति का नाम ........................................

स्थायी पता .................................................